ANNEXURE-2

प्रेषक,

अभिनितम उपाध्याय
अपर जनपद न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश (एन०डी०पी०एस० एक्ट),
बलरामपुर।

सेवा में,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
बलरामपुर।

विषय – दिनांक 16.08.2023 को माननीय जनपद न्यायाधीश, बलरामपुर द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण टिप्पणी द्वारा आहूत आख्या।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि माननीय महोदय द्वारा दिनांक 16.08.2023 को पूर्वाह्न 11.00 से 11.15 बजे के मध्य न्यायालय/कार्यालय के किए गए आकस्मिक निरीक्षण टिप्पणी में भूतल क्रम संख्या (iv) में यह वर्णित किया गया है कि निरीक्षण के समय मैं डायस पर आसीन नहीं था।

इस संबंध में सादर सूचित करना है कि सत्र मंडल बलरामपुर के माननीय प्राशसनिक न्यायमूर्ति महोदय के दिनांक 19.08.2023 के प्रस्तावित बलरामपुर आगमन के आलोक में मुझे तथा श्री जहेन्द्र पाल सिंह, अपर जिला न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) को माननीय महोदय द्वारा मौखिक निर्देश से प्रशासनिक तथा व्यवस्था संबंधी दायित्व दिया गया था जिनके निर्वहन हेतु मेरे विश्राम कक्ष में मै तथा श्री जहेन्द्र पाल सिंह, अपर जिला न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) बैठकर आवश्यक प्रशासनिक एवं व्यवस्था संबंधी दायित्वो का निर्वहन कर रहे थे। सूक्ष्म बैठक के उपरान्त पूर्वाह्न 11.30 बजे मैं डायस पर जाकर बैठा तथा तदुपरांत सामान्य रूप से मेरे द्वारा न्यायिक कार्य का संपादन किया गया।

आख्या माननीय महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

भवदीय,
Abhinitam upadhyay
18.08.2023

दिनांक- 18.08.2023

(अभिनितम उपाध्याय)
अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष
न्यायाधीश (एन०डी०पी०एस० एक्ट)
बलरामपुर।

(w)
18/8/23

Self attested
Abhinitam upadhyay

17/08/2023
03:35 PM

## आकस्मिक निरीक्षण

दिनांक 16.08.2023 को पूर्वान्ह 11.00 से 11.15 बजे के मध्य मेरे द्वारा 16—न्यायालय भवन में भू—तल व प्रथम तल पर संचालित न्यायालयों/कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

**1. प्रथम तल–**

निरीक्षण के क्रम में मेरे द्वारा सर्वप्रथम प्रथम—तल पर स्थित न्यायालय/ कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

**(i)** मेरे द्वारा प्रथम तल पर स्थित न्यायालय सिविल जज (अवर खण्ड), बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पीठासीन अधिकारी डायस पर आसीन पायी गयी। निरीक्षण के समय कार्यालय खुला पाया गया तथा कार्यालय में नियुक्त कर्मचारीगण अपने—अपने पटल पर कार्यरत पाये गये। कार्यालय में पत्रावलियों का रख—रखाव संतोषजनक पाया गया। न्यायालय व कार्यालय में साफ—सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी।

**(ii)** इसके उपरान्त मेरे द्वारा प्रथम तल पर ही संचालित न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट—प्रथम, बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायालय कक्ष खुला पाया गया तथा पीठासीन अधिकारी डायस पर आसीन नहीं पाये गये। निरीक्षण के समय कार्यालय खुला पाया गया तथा कार्यालय में नियुक्त कर्मचारीगण अपने—अपने पटल पर कार्यरत पाये गये। कार्यालय में पत्रावलियों का रख—रखाव संतोषजनक पाया गया। न्यायालय व कार्यालय में साफ—सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी।

**(iii)** इसके उपरान्त मेरे द्वारा प्रथम तल पर ही संचालित न्यायालय सिविल जज (प्रवर खण्ड) /द्रुतगामी न्यायालय बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायालय कक्ष खुला पाया गया पीठासीन अधिकारी डायस पर आसीन नहीं पाये गये। निरीक्षण के समय कार्यालय खुला पाया गया तथा कार्यालय में नियुक्त कर्मचारीगण अपने—अपने पटल पर कार्यरत पाये गये। कार्यालय में कुछ पत्रावलियाँ फर्श पर रखी पायी गयीं। कार्यालय लिपिक द्वारा अवगत कराया गया कि अलमारी के अभाव में उनके द्वारा पत्रावलियों को फर्श पर रखा गया है। न्यायालय व कार्यालय में साफ—सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी।

**(iv)** इसके उपरान्त प्रथम तल पर स्थित न्यायालय अपर सिविल जज (प्रवर खण्ड) बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान

Self attested
Abhiniram Upadhyay

न्यायालय कक्ष खुला पाया गया तथा पीठासीन अधिकारी डायस पर आसीन पाये गये। निरीक्षण के दौरान कार्यालय खुला था तथा कार्यालय में नियुक्त कर्मचारीगण अपने–अपने पटल पर कार्यरत पाये गये। कार्यालय में पत्रावलियों का रख–रखाव संतोषजनक पाया गया। न्यायालय व कार्यालय में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी।

**(v)** इसके उपरान्त प्रथम तल पर स्थित न्यायालय सिविल जज (प्रवर खण्ड) बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायालय कक्ष खुला पाया गया तथा पीठासीन अधिकारी डायस पर आसीन पाये गये। निरीक्षण के दौरान कार्यालय खुला पाया गया तथा कार्यालय में नियुक्त कर्मचारीगण अपने–अपने पटल पर कार्यरत पाये गये। कार्यालय में पत्रावलियों का रख–रखाव ठीक पाया गया। न्यायालय व कार्यालय में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी।

निरीक्षण के क्रम में मेरे द्वारा प्रथम तल पर ही अवस्थित लेखा अनुभाग, नजारत अनुभाग व लाइब्रेरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय लेखा अनुभाग, नजारत अनुभाग व लाइब्रेरी खुला पाया गया और समस्त कर्मचारी अपने–अपने पटल पर कार्यरत पाये गये।

**<u>भू–तल–</u>**

निरीक्षण के क्रम में इसके उपरान्त मेरे द्वारा भू–तल पर स्थित न्यायालय/ कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

**(i)** निरीक्षण के क्रम में मेरे द्वारा सर्वप्रथम भू–तल पर संचालित न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायालय कक्ष खुला पाया गया पीठासीन अधिकारी डायस पर आसीन नहीं पायी गयी। निरीक्षण के दौरान कार्यालय खुला था तथा कार्यालय में नियुक्त कर्मचारीगण अपने–अपने पटल पर कार्यरत पाये गये। कार्यालय में पत्रावलियों का रख–रखाव संतोषजनक पाया गया। न्यायालय व कार्यालय में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी।

**(ii)** इसके उपरान्त मेरे द्वारा भू–तल पर ही संचालित न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश(पाक्सो एक्ट), बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायालय कक्ष खुला पाया गया पीठासीन अधिकारी डायस पर आसीन नहीं पाये गये। निरीक्षण के दौरान कार्यालय खुला था तथा कार्यालय में नियुक्त कर्मचारी अपने–अपने पटल पर कार्यरत पाये गये। कार्यालय में पत्रावलियों का रख–रखाव संतोषजनक

Self attested
Abhinitam Upadhyay

पाया गया। न्यायालय व कार्यालय में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी।

**(iii)** इसके उपरान्त मेरे द्वारा भू–तल पर ही संचालित न्यायालय अपर जनपद सत्र न्यायाधीश–प्रथम, बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पीठासीन अधिकारी डायस पर आसीन पाये गये। निरीक्षण के दौरान कार्यालय खुला था तथा कार्यालय में नियुक्त कर्मचारी अपने–अपने पटल पर कार्यरत पाये गये। कार्यालय में पत्रावलियों का रख–रखाव संतोषजनक पाया गया। न्यायालय व कार्यालय में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी।

**(iii)** इसके उपरान्त मेरे द्वारा भू–तल पर ही संचालित न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट), बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पीठासीन अधिकारी डायस पर आसीन पाये गये। निरीक्षण के दौरान कार्यालय खुला था तथा कार्यालय में नियुक्त सभी कर्मचारी अपने–अपने पटल पर कार्यरत पाये गये। कार्यालय में पत्रावलियों का रख–रखाव संतोषजनक पाया गया। न्यायालय व कार्यालय में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी।

**(iv)** इसके उपरान्त मेरे द्वारा भू–तल पर ही संचालित न्यायालय अपर जनपद सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश(एन0 डी0 पी0एस0 एक्ट), बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायालय कक्ष खुला पाया गया। निरीक्षण के समय पीठासीन अधिकारी डायस पर आसीन नहीं पाये गये। निरीक्षण के दौरान कार्यालय खुला था तथा कार्यालय में नियुक्त सभी कर्मचारी अपने–अपने पटल पर कार्यरत पाये गये। कार्यालय में पत्रावलियों का रख–रखाव संतोषजनक पाया गया। न्यायालय व कार्यालय में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी।

निरीक्षण के दौरान डायस पर आसीन न पाये गये अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे यह स्पष्ट करें कि किन परिस्थियों में वे न्यायालय अवधि में डायस से अनुपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 16 न्यायालय भवन से संलग्न एलाइड भवन (यथा कैन्टीन, डाकखना, बैंक, वादकारी शेड) तथा 10 सीटर शौचालय की छतों पर गंदगी के कारण जलभराव हो गया जिससे जगह–जगह काई लग गयी है।

Self attested
Abhinitam upadhyay

निरीक्षण के दौरान भूतल व प्रथम तल की न्यायालय भवन की सीढ़ियों पर रखी डस्टबिन गंदी पायी गयी तथा सीढ़ियों पर जगह–जगह गंदगी पायी गयी। भू–तल व प्रथम तल पर स्थित महिला एवं पुरुष सार्वजनिक शौचालय गंदे पाये गये।

केन्द्रीय नाजिर को निर्देशित किया जाता है कि वे न्यायालय भवन व संलग्न एलाइड भवन की छतों की नियमित साफ–सफाई तत्काल कराया जाना सुनिश्चित करे जिससे बरसात का पानी छतों पर एकत्रित न हो। सीढ़ियों तथा सार्वजनिक शौचालय की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें तथा जिन कार्यालयों में अलमारी के अभाव में पत्रावलियां फर्श पर रखी जा रही हैं, उन्हें तत्काल आवश्यकतानुसार अलमारियॉ/रैक एवं अन्य उपस्कर प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें।

इस आकस्मिक निरीक्षण आख्या की प्रति सम्बन्धित अधिकारी व अनुभाग/कार्यालय को अनुपालन हेतु प्रेषित किया जाये।

दिनांक –**16-08-2023**

**(अनिल कुमाार झा)**
जनपद न्यायाधीश
बलरामपुर।

Self attested
Abhinitam Upadhyay